तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 खोई गाय को ढूंढने टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंचे ग्रामीण की हाथियों ने ली जान



**खबर संक्षेप**

### भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन 27 को



**मनेन्द्रगढ़।** एफसीआई गोदाम चैनपुर के सामने प्रस्तावित भाजपा जिला कार्यालय निर्माण के लिए 27 नवंबर को भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम सहित अनेक वरिष्ठ मंत्री और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय निर्माण जिले में संगठन को नई गति देगा और कार्यकर्ताओं के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा। कार्यक्रम के दिन सुबह 11 बजे भव्य बाइक रैली भी निकाली जाएगी, जो लोक निर्माण विभाग तिराहे से शुरू होकर आयोजन स्थल पर समाप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने बताया कि प्रस्तावित जिला कार्यालय संगठन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंजीकृत राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने की, जबकि अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार ने संचालन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में 1 जनवरी 2026 की संदर्भ तिथि पर आधारित विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति से सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया तथा राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे शीघ्र बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराएं। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष ने कॉलरी क्षेत्र से जुड़े गंभीर मुद्दे उठाते हुए बताया कि कई मतदाता 2-3 घरों को कैप्चर किए हुए हैं, जिससे फार्म वितरण बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई नाम ऐसे मतदाताओं के हैं जो अब निवासरत नहीं हैं या निधन हो चुका है, फिर भी उनके नाम पर फॉर्म जारी हुए हैं। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कुछ मतदाता ऐसे हैं जो बिहार में पंजीकृत हैं, फिर भी स्थानीय एसआईआर में जोड़ने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो मतदाता निवासरत नहीं हैं, उन्हें सूची से पृथक करना आवश्यक है।

### गणना पत्रक में सभी को फोटो देने की जरुरत नहीं

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त करेगा। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा वितरित गणना पत्रक मे यदि मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं है या फोटो धुंधला है अथवा अस्पष्ट है ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नवीन फोटो उपलब्ध होने पर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकेगा। बूथ लेवल अधिकारी भी सीधे बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खीच के अपलोड करेगा। सभी मतदाताओं को फोटो देने की आवश्यकता नहीं है।

**कोरिया पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा, पटना क्षेत्र के रामसागर तालाब में मिला था युवक का शव**

## हत्या कर तालाब में फेंका शव, कॉल डिटेल ने खोला राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना थाना पुलिस ने तीन दिन पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 19 अक्टूबर को बड़कापारा स्थित रामसागर तालाब में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शव की पहचान जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर सूरज उम्र 26 वर्ष पिता रामदास गोड़ निवासी चैनपुर के रूप में हुई।

शव सड़ी-गली अवस्था में था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई, इसके बाद थाना पटना में अपराध क्रमांक 223/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन का विश्लेषण किया। 16 अक्टूबर को मृतक की अंतिम बातचीत उसकी पत्नी लक्ष्मी से हुई थी, इससे पूर्व मृतक की बातचीत रामप्रताप उर्फ पप्पू उजियारपुर और उसके रिश्तेदार छोटू सिंह जिलीबांध से हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों ने जांच का दायरा इन्हीं पर केन्द्रित कर दिया। मुख्य आरोपी रामप्रताप उर्फ पप्पू घटना के बाद झारखंड और पश्चिम बंगाल की ओर फरार हो गया था। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और सटीक सूचना पर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि 16 अक्टूबर को वह सूरज के साथ चैनपुर से नगर पहुंचा। दोनों कटोरा गए और शराब सेवन किया। इसके बाद डीजल चोरी से जुड़े रूपए के लेनदेन को लेकर विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर पप्पू ने सूरज का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पास के तालाब में फेंक दिया। आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर मृतक का मोबाइल, बैग और उसमें रखे कपड़े घटना स्थल से बरामद किए गए हैं। प

पुलिस का कहना है कि तकनीकी विश्लेषण, साक्ष्य और आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान से यह सिद्ध हो गया कि हत्या रामप्रताप उर्फ पप्पू ने ही की है। पुलिस ने आरोपी को 23 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### खनिज निरीक्षक से अभद्रता करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने के लिए चल रही कार्रवाई के दौरान खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर से गाली -गलौज और अभद्रता करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली गई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा तथा पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर की गई। विदित हो कि घटना 22 नवंबर की है। खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर क्षेत्र भ्रमण पर थे तभी उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जा रहा है। सूचना पर वाहन को रोका गया और चालक को वाहन को थाने ले जाने के लिए कहा गया। इसी दौरान चालक ने वाहन मालिक को मौके पर बुला लिया। वाहन मालिक के पहुंचते ही उसने निरीक्षक से बहसबाजी की तथा रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर भागने का प्रयास किया। मामले की रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 205/25, धारा 223, 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी उदय कुमार पिता सुदामा प्रसाद पनिका उम्र 30 वर्ष निवासी चैनपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, इसके बाद घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं रेत से भरी ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

## बाइक आपस में भिड़े जपं कर्मी की मौत

### सोनहत के गंगा ठेला के पास हादसा

**बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत में सोमवार को दो बाइक के आपस में जोरदार भिडंत हो गई, इसमें एक युवक की मौत हो गई,वहीं दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।



सूचना पर सोनहत पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी कार्रवाई पूर्ण की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शाम के समय सोनहत के गंगा ठेला के पास दो बाइक में भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान लोमेश कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी गरियाबंद के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक जनपद पंचायत सोनहत में पीआरपी पद पर कार्यरत था।

## जोलगी में बिना अनुमति कटे साल वृक्ष जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के ग्राम जोलगी में बिना अनुमति 5 नग साल के वृक्षों की कटाई किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग तुरंत सक्रिय हुआ। सूचना मिलते ही संबंधित राजस्व अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे और अवैध रूप से कटे वर्ष वृक्षों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बिना किसी वैध अनुमति के इन वृक्षों की कटाई ग्राम जोलगी के निवासी सम्हारू राम पिता सिरपत द्वारा कराई गई थी। इस अवैध कटाई को गंभीरता से लेते हुए उनके विरूद्ध एसडीएम न्यायालय भरतपुर में प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत भूमि स्वामी सम्हारू राम पर 1,25,000 रूपए का अर्थदंड प्रस्तावित है। साथ ही कटे हुए वृक्षों को राजसात सरकारी स्वामित्व में शामिल करने की कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं वन संपदा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध कटाई के मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी तथा बिना अनुमति वृक्ष कटाई करने वालों के विरूद्ध सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे।

## महामाया स्टोन क्रेशर में चोरी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के एक प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया गया है।

घटना 22 नवंबर की है। प्रार्थी सार्थक अग्रवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ द्वारा थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके महामाया स्टोन क्रेशर से शाम करीब 4 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहे का एंगल और चादर कुल लगभग 30,000 रूपए का सामान चोरी कर लिया गया। आवेदन पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 206/25 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और तथ्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, इसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की पहचान भोला बंसल पिता अजय बंसल उम्र 19 वर्ष जाति बसोर निवासी लालपुर के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से चोरी गया लोहे का एंगल एवं चादर बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक मनीष तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, चेतन राजवाड़े, प्रधान आरक्षक हितेश्वर राजवाड़े, नवीन दत्त तिवारी, विवेक मणि तिवारी, प्रिंस राय, सुनील रजक, रवि शर्मा, राजकुमार सेन, आरक्षक उतरा कश्यप, सचिन, मो. आजाद, प्रदीप,सैनिक विनीत सोनी का सराहनीय योगदान रहा।



## वंदना शिशु शिक्षा निकेतन में बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी

**मनेन्द्रगढ़।** वंदना शिशु शिक्षा निकेतन जनकपुर में बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विविध गतिविधियों और मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद साहू ने कहा कि विद्यालयों में बाल मेला और प्रदर्शनी जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और समाज से संवाद स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, घरेलू विज्ञान और सुरक्षा उपकरणों से संबंधित अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण कर बच्चों को वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका विद्यार्थियों ने संतोषजनक उत्तर दिया। बाल मेले में बच्चों द्वारा हस्तकला, क्राफ्ट, खेलकूद और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ कई खेलों में ⏭ शेष पेज 4 पर



### छग युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के युवाओं में प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन युवा व्यक्तियों एवं संगठनों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, साहित्य, मीडिया, नवाचार तथा विशिष्ट कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अविस्मरणीय योगदान दिया है। इस सम्मान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के कार्यों को मान्यता देना, उन्हें प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करना है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 30 नवंबर शाम 5 तक आवेदन जमा करें।

## चालक की कोई सीट नहीं, ड्रिल वाहन को निहारते रहे लोग

**बैकुण्ठपुर।** सड़क पर चलने वाले वाहनों में चालक के लिए सीट निर्धारित होता है, जहां बैठकर वाहन चालक अपनी वाहनों को चलाते है। सभी वाहनों में चालक के लिए सीट और स्टेयरिंग होती है।


वाहन चालक अपनी सीट पर बैठकर वाहन को चलाता है, लेकिन शहर में एक ऐसा भी वाहन देखने को मिला जो जिसमें चालक के लिए कोई सीट ही नहीं होती और न ही गोल स्टेयरिंग होती है। इस तरह के वाहन को ड्रिल वाहन कहा जाता है। रविवार को शहर के मुख्य मार्ग से ड्रिल वाहन को उसका चालक सड़क पर चलते हुए हैंडल की सहायता से आपरेट करता रहा और ड्रिल वाहन धीरे-धीरे लोगों की चाल की गति से आगे बढ़ता है। जानकारी के अनुसार ड्रिल वाहन की सहायता से जमीन के नीचे होल करने के लिए उपयोग किया जाता है। वहीं इस वाहन को दूर के स्थान ले जाने के लिए दूसरे वाहन में लोड कर ले जाया जाता है।



### पीछे चलते हुए आपरेट

ड्रील वाहन को चलाने वाला चालक सड़क पर वाहन के सामने की ओर से पीछे चलते हुए आपॅरेट करते हुए दिखाई दिया। वाहन चालक एक-एक कदम चलता रहा और वाहन के हैंडल से आपरेट करते हुए पीछे बढ़ते हुए वाहन को आगे बढ़ाता रहा।

## ओड़गी तिराहे पर सौंदर्यीकरण राष्ट्रीय पक्षी मोर बनाया गया



**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी नाका तिराहे में राष्ट्रीय पक्षी मोर बनाया गया है, जिसका रंग-रोगन करना अभी बाकी है। उक्त तिहारे की सुंदरता बढ़ाने की दिशा में यह पहल तो अच्छी है, लेकिन तिराहे में बनाया गया राष्ट्रीय पक्षी मोर एक ओर से यातायात विभाग के जागरूगता बोर्ड से ढंक गया है तो दूसरी ओर एक छोटे टावर के खंभे से ढंक जाता है, ऐसी स्थिति में मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को बनाए गए राष्ट्रीय पक्षी मोर ठीक से पूरी तरह दिखाई नहीं देता है। उक्त तिराहे की सुंदरता के लिए यातायात विभाग के बोर्ड व छोटे टावर को हटाने की जरूरत है, ताकि बनाए गए राष्ट्रीय पक्षी मोर सभी ओर से आने-जाने वाले लोगों को पूरी तरह से दिखाई दे सके। उल्लेखनीय है कि ओड़गी तिराहा सौंदर्यीकरण के कार्य के तहत बीते दिनों रेलिंग लगाया गया और फिर राष्ट्रीय पक्षी जोडे में बनाए गए, जिसे अभी सफेद रंग में रखा गया है।

**छात्रावास के पास लगी लाइट..**



**बैकुण्ठपुर।** शहर में संचालित प्री मैक्ट्रिक कन्या छात्रावास परिसर में बड़ी लाइट लगा दी गई है, इससे कन्या छात्रावास परिसर ही नहीं बल्कि बाहर सड़क पर भी पर्याप्त रोशनी रात्रि में होगी।

## केल्हारी सेजस स्कूल में बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** केल्हारी सेजस स्कूल में बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता के साथ संपन्न हुआ।

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा भावना एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रही, जिसने बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया और विद्यालय में सकारात्मक व प्रेरणादायी माहौल निर्मित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनएसएस और एनसीसी द्वारा प्रस्तुत संयुक्त नाट्य प्रस्तुति रही, जिसमें बाल संरक्षण, भेदभाव, शिक्षा के अधिकार तथा सुरक्षित वातावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली तरीके से दशार्या गया। चित्रकला, पोस्टर निर्माण और कहानी लेखन गतिविधियों में बालिकाओं ने खुशहाल बचपन-सुरक्षित बचपन विषय पर अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक समझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया।



**साइबर अपराध से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा नहीं करें**

## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

थाना जनकपुर क्षेत्र में 24 नवंबर को आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की उपस्थिति में जन जागरूकता का शक्तिशाली संदेश दिया गया।

- **सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील**

कार्यक्रम के दौरान एमसीबी जिला पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न जागरूकता अभियानों साइबर क्राइम से सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, रोड सेफ्टी और नशा मुक्ति की विस्तृत जानकारी विधायक को प्रदान की गई। आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशों पर चल रहे इन अभियानों की जानकारी पाकर विधायक श्रीमती सिंह ने आम जनमानस से साइबर अपराध से सतर्क रहने, नशामुक्त समाज बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी जनकपुर ओम प्रकाश दुबे को भी मंच साझा कर जनता को पुलिस की ओर से किएजा रहे प्रयासों से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश दुबे ने उपस्थित जनसमुदाय को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक, कॉल और ओटीपी साझा ना करने की आदत को अपनाया जाए। यातायात सुरक्षा के लिए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।

नशामुक्त समाज के लिए पुलिस लगातार अवैध ड्रग्स कारोबार पर अंकुश लगाने की कार्रवाई कर रही है। इसमें प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में थाना जनकपुर पुलिस स्टाफ के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था से एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी एवं समस्त प्रशासनिक अमला उपस्थित रहे।




## वृद्ध पेंशनरों का शाल-श्रीफल से सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ एमसीबी जिला इकाई द्वारा वृद्ध पेंशनरों का उनके निवास पर शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। छग पेंशनधारी संघ ने बुजुर्गों का सम्मान-ईश वंदन के समान नामक सम्मान के क्रम में पूर्व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल नयन मिश्र उम्र 87 वर्ष, पूर्व रीडर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ आरएस सिंह उम्र 82 वर्ष, पूर्व प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएन सिंह उम्र 82 वर्ष का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर विधिवत सम्मान किया एवं वृद्ध पेंशनरों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

बुजुर्गों का सम्मान, ईश वंदन के समान कार्यक्रम के सूत्रधार पुष्कर लाल तिवारी ने कहा कि वृद्ध पेंशनरों का सम्मान का क्रम निरंतर जारी रहना चाहिए, इससे वयोवृद्ध व्यक्तियों का उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर इस सम्मान कार्यक्रम में छग पेंशनधारी कल्याण संघ मनेन्द्रगढ़ के पदाधिकारी में सर्वश्री गोपाल प्रसाद बुनकर जिला अध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष मुख्तार अली, जिला कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, जिला सह सचिव पुष्कर लाल तिवारी, विकासखंड अध्यक्ष कोपनाथ शर्मा, आरके कुमार, सीएल जायसवाल, मनोहर लाल गुप्ता, रामप्रवेश कुमार सहित सभी जिला कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा शाल एवं श्रीफल से वयोवृद्ध पेंशनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद बुनकर ने किया।



## खबर संक्षेप

### एलपी गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**अंबिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एलपी गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने पीके यूनिवर्सिटी शिवपुरी के डॉ. आशीष विश्वकर्मा के शोध निर्देशन में इफेक्ट ऑफ हेवी मेटल्स ऑन द एंजाइम एक्टिविटीज इन द ब्लड ऑफ फ्रेश वाटर फिशेष इन श्याम घुनघुट्टा डैम ऑफ अंबिकापुर रिजन विषय पर शोध किया है।

### नए लेबर कोड के विरुद्ध चारों श्रमिक संगठनों ने बनाई रणनीति, 26 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल क्षेत्र में आने वाले दिनों में श्रमिक आंदोलन तेज होने की खबर है,केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए लेबर कोड्स को मजदूर विरोधी बताते हुए कोल क्षेत्रों में चार बड़े श्रमिक संगठन एचएमएस,एटक,इंटक और सीटू एक मंच पर साथ आ गए हैं,बिश्रामपुर में गत दिनों हुई संयुक्त बैठक में तय हुआ कि 26 नवंबर को पूरे क्षेत्र में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा,बैठक में एकमत से कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानूनों का एकतरफा क्रियान्वयन न सिर्फ मजदूरों के अधिकारों का हनन है,बल्कि यह नियोक्ताओं को अनुचित बढ़त देने वाला कदम भी है,संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच ने घोषणा की है कि अब समय आ गया है जब मजदूर अपनी एकता का परिचय देते हुए सड़कों पर उतरें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष करें,संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार विरोध प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में एकसाथ संचालित होगा,जिसके तहत सभी इकाइयों में कर्मचारियों द्वारा काला फीता लगाया जाएगा,क्षेत्रीय मुख्यालय में चारों यूनियनों का संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा,जिसमें लेबर कोड की प्रतियों को जलाकर मजदूर वर्ग अपना कड़ा विरोध दर्ज कराएगा, बैठक में नेताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकार ने इन कानूनों को वापस नहीं लिया तो मजदूर संगठन एक लंबे अवधि की हड़ताल पर जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे,सभा के दौरान मजदूर प्रतिनिधियों ने जोरदार नारेबाजी भी की,संयुक्त विरोध की घोषणा के बाद पूरे बिश्रामपुर क्षेत्र में मजदूरों के बीच चर्चा तेज हो गई है,खदानों में काम करने वाले सैकड़ों श्रमिक इस निर्णय को लेकर सक्रिय होने लगे हैं,बताया जा रहा है कि अगर आंदोलित श्रमिकों का यह एकजुट आंदोलन आगे बढ़ता है तो एसईसीएल के कार्यों पर भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

### कमिश्नर ने राजपुर एवं शंकरगढ़ का किया दौरा एसआईआर कार्य समय पर करने दिए निर्देश



**शंकरगढ़।** कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा द्वारा आज बलरामपुर जिले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजपुर अनुभाग तथा शंकरगढ़ अनुभाग का दौरा किया। विशेष रूप से शंकरगढ़ ब्लॉक में कमारी, दोहना, सरगवा और दीपाडी के चार पोलिंग स्टेशनों में चल रहे एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया गया। कमिश्नर ने सभी उपस्थित बीएलओ, संबंधित अधिकारी, ग्राम सचिव और सुपरवाइजर से संवाद किया तथा एसआईआर कार्य में डिजिटलाइजेशन करने एवं समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनमोल टोप्पो तथा तहसीलदार दानिश परवेज उपस्थित रहे।

### केतकी खदान में बेहतर उत्पादन डिस्पैच की दिलाई गई शपथ



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की केतकी खदान में रविवार को खदान प्रबंधन की ओर से गुणवत्ता सुधार को लेकर विशेष आयोजन किया गया,खदान प्रबंधक विनम्र जैन ने सभी कर्मचारियों और कामगारों को गुणवत्ता सर्वोपरि की प्रतिज्ञा दिलाई,खदान परिसर में उपस्थित सभी कर्मचारी ने प्रतिबद्धता जताई कि कंपनी की साख और ग्राहक की संतुष्टि को सर्वोच्च मानते हुए वे बेहतर और गुणवत्तायुक्त कोयले के उत्पादन व डिस्पैच हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे,कार्यक्रम में क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह समेत वरिष्ठ तकनीकी निरीक्षक चरणजीत सिंह व बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व कामगार मौजूद थे,यहां पर कहा गया कि उत्पादन तभी सार्थक है जब वह गुणवत्ता के उच्च मानकों को पूरा करे,अभियान को व्यापक रूप देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक ने अलग–अलग इकाइयों में पहुंचकर गुणवत्ता सुधार का संदेश दिया, प्रबंधन का कहना है कि बदलते औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के दौर में ग्राहक संतुष्टि ही कंपनी की असली पहचान है, गुणवत्ताहीन उत्पादन न सिर्फ साख को प्रभावित करता है,बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी कम कर देता है,ऐसे में यह अभियान खदानों में अनुशासन,जागरूकता और उत्कृष्ट कार्यशैली को बढ़ावा देगा।

## बाइक से पांच ग्रामीण गए थे कोदवारी जंगल

# खोई गाय को ढूंढने टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंचे ग्रामीण की हाथियों ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

वन विभाग द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाने के दावे के बावजूद मानव-हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को बिना सूचना गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बाइक से साथियों के साथ पहुंचे ग्रामीणों का हाथियों से सामना हो गया। इस दौरान साथी अपनी बाइक छोड़कर भागने में सफल हो गए जबकि अपनी जान बचाने के लिए झाड़ियों में छिपे एक ग्रामीण को दंतैल ने कुचलकर मार डाला।

**खास बात**

- सामने हाथियों को देख चार ग्रामीणों ने भागकर बचाई जान

गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभयारण्यको टाइगर रिजर्व घोषित करने के बाद जंगल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तमोर पिंगला अभ्यारण्य को एलिफेंट रिजर्व घोषित किया है तथा जंगल में पूरे साल बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी रहती है। शुक्रवार को जंगल में चरने गइ्र ग्राम रमकोला पण्डोपारा निवासी सैफुद्दीन आ. मो. महबूब (55 वर्ष) की गाय जंगल से वापस नहीं लौटी तो शनिवार को वह गांव के ही सद्दाम पिता महबूब (30 वर्ष), लालबाबू पिता जीतलाल पण्डो (22 वर्ष), रतन पिता महिपाल पण्डो एवं अजमेर अली पिता कैमुद्दीन (28 वर्ष) के साथ अलग-अलग बाइक पर सवार होकर गेम रेंज पिंगला में अपनी गाय को तलासने निकला। गाय की तलास मं ग्रामीण गेम रेंज पिंगला स्थित टाइगर रिजर्व के कोर एरिया कोदवारी जंगल के कक्ष क्रमांक 413 में पहुंचे तो सैफुद्दीन की गाय चरते मिली। गाय को देखने के बाद ग्रामीण बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। ग्रामीण जैसे ही बागमाड़ू तालाब के पास पहुंचे हाथियों से सामना हो गया। हाथियों को सामने देख ग्रामीण अपनी बाइक छोड़कर इधर-उधर भाग निकले जबकि सैफुद्दीन पास की झाड़ियों में छिप गया। दल के हाथी सैफुद्दीन की ओर बढ़ने लग तो उसके साथियों ने उसे भागने को कहा लेकिन सैफुद्दीन अपने को सुरक्षित समझ झाड़ियों में छिपा रहा। इस दौरान हाथियों ने उसे घेर लिया तथा दल के एक दंतैल ने अपने पैरों से उसे कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सभी ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन अधिकारियों को दी, वन अमला पुलिसकर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा एवं चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात्रि 11.30 बजे मृतक का शव बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर की मरच्यूरी में रखवाया। रविवार को पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा गया। अधिकारियों ने मृतक की पत्नी जमीरन बीबी को 25 हजार रूपए की तत्कालिक सहायता प्रदान की है।



मृतक के परिजन को सहायता राशि देते अधिकारी।

### नहीं दी थी सूचना

तमोर पिंगला अभयारण्य के अधीक्षक वीबी केरकेट्टा ने बताया कि टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद विभाग की अनुमति के बिना जंगल के कोर एरिया में जाने की मनाही है। इस संबंध में आसपास के ग्रामीणों को सूचना भी दी गई है। अनुमति तो दूर ग्रामीणों ने जंगल में जाने की सूचना भी किसी वनकर्मी को नहीं दी तथा ग्राम धुरिया के रास्ते चार किमी दूर बीच जंगल में पहुंच गए। हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही के मद्देनजर बिना अनुमति जंगल में प्रवेश पर रोक लगाई है। वर्तमान में वनकर्मियों द्वारा लगातार टाइगर की मॉनिटरिंग की जा रही है वहीं गज संकेतक एप के माध्यम से नियमित हाथियों का लोकेशन शेयर किया जा रहा है। कुमकी हाथियों के माध्यम से रेस्क्यू सेंटर के महावत भी हाथियों पर नजर रख रहे है। ग्रामीण विभाग के निर्देशों की अवहेलना कर छिपते-छिपते कोर एरिया में पहुंच गए थे।

### अवैध चराई बड़ी समस्या

हाथियों की सुविधा के लिए वन विभाग ने जंगल के बड़े क्षेत्र में विभिन्न किस्म के घास के मैदान तैयार किया है। पर्याप्त चारा उपलब्ध होने के कारण हाथी पूरे साल जंगल में रह रहे हैं। इधर आसपास के ग्रामीण सुबह होते ही चरने के लिए अपने मवेशियों को जंगल में खदेड़ देते हैं। हर दिन एक हजार से अधिक पालतू मवेशी पूरे दिन जंगल में चरते हैं तथा शाम होने पर वापस घर लौट आते हैं। कई बार मवेशी भटक जाते हैं तथा कई बार हिंसक वन्य जीवों का शिकार बन जाते हैं। वनकर्मियों द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद ग्रामीण अवैध चराई को नहीं रोक रहे हैं। वर्तमान में तमोर पिंगला अभयारण्य में हाथियों का तीन दल अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है।

### दी गई है 25 हजार की सहायता

ग्रामीण शनिवार को बिना सूचना दिए टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंच गए थे। सूचना पर कड़ी मशक्कत के बाद मृतक का शव बरामद किया गया। मृतक की पत्नी को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गइ्र है।

-वीबी केरकेट्टा
अधीक्षक, तमोर पिंगला अभयारण्य

## केवरा मोड के समीप दुकान के सामने रखे कराकट से टकराया बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नेशनल हाईवे 130 स्थित केवरी मोड़ के समीप दुकान के सामने रखे कराकट से बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कटिंदा निवासी राकेश दास आ. लाल दास (26 वर्ष) वाहन चलाने का काम करता था। रविवार की दोपहर 12.30 बजे शहर से अपने घर ग्राम कटिंदा बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार शाम लगभग 3.30 बजे एनएच 130 केवरी मोड़ के समीप ढाबा के सामने पहुंचा तभी बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान के सामने रखे कराकट से जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के गला में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। घटना को देख आसपास के लोगो ने राकेश दास को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित किया। इधर मृत युवक के पिता लाल दास आ.स्व.भगत राम (46 वर्ष) ने घटना की सूचना लखनपुर थाने में दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच में जुट गई है।

### दशगात्र कार्यक्रम के दौरान फटा प्रेशर कुकर, दो महिलाएं झुलसी

**रामानुजगंज।** विकासखंड के ग्राम सिलाजू में शनिवार की शाम दशगात्र कार्यक्रम था। सिलाजू निवासी प्रेम कुमार यादव के पिता के दशगात्र में भोजन बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक ही एक प्रेशर कुकर अचानक से फट गया। हादसा इतना अचानक हुआ की आस पास मौजूद लोगों को सम्भलने का मौका नहीं मिला जबकि धमाका इतना जोरदार था कि हड़कंप मच गया। इस हादसे के दौरान किचन में मौजूद प्रेम कुमार की पत्नी 30 वर्षीया सुषमा यादव और मौसी 50 वर्षीया फुलवा देवी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद महिलाओं को गंभीर स्थिति में 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुषमा यादव को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है जबकि फुलवा देवी का उपचार स्थानीय अस्तपाल में जारी है।



## मितानिन को पार्षद ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के दर्रीपारा मणिपुर वार्ड क्रमांक 44 एवं 45 में मितानिन दीदियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए स्थानीय पार्षद श्रीमती किरण प्रकाश साहू एवं मोहल्लेवासियों ने मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया, ताकि उनके अथक परिश्रम, निस्वार्थ समर्पण और सतत सेवाभाव सम्मान कर सके।

कार्यक्रम में मितानीन रजिया बेगम , कृपा एक्का , सीमा एक्का, सुमन दास, सरिता सिंह, संगीता गौड़, सीता दास, एसी शशि राजवाड़े, एमटी निर्मला एवं नीलम लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें सम्मान स्वरूप ऊनी ब्लैंकेट प्रदान किए गए। उपस्थित लोगों ने मितानिनों द्वारा वर्षों से किए जा रहे स्वास्थ्य-सेवा कार्य गर्भवती महिलाओं की देखरेख, टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, ग्रामीण एवं शहरी बस्तियों में समय पर सहायता की खुलकर प्रशंसा की और उन्हें समाज की वास्तविक स्वास्थ्य प्रहरी बताया। पार्षद श्रीमती किरण प्रकाश साहू ने कहा कि मितानीन ही वह कड़ी हैं जो समाज के हर घर तक स्वास्थ्य-सुविधाओं की जानकारी पहुचाती हैं और आवश्यकता पड़ने पर हर परिवार की पहली सहयोगी बनती हैं। इस दौरान सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, दिव्या दुबे, सुशीला यादव, बबीता, प्यारो, सुशीला प्रभाकर, रानी चटर्जी, उर्मिला सिंह, अनिता साहू, रीता साहू, सोनी साहू, गुलाबी, सरिता मुण्डा, सुनिल साहू, संजू चटर्जी, अजय प्रभाकर, समित मुण्डा, सोनु मुदलियार, देवरतन मुण्डा, रमेश मुंडा, सुभाष साहू, पिंटू खन्ना, दिलीप श्रीवास्तव, सौरभ दास, राजा साहू, सत्यम साहू, ननकू मुण्डा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### राइस मिल के बोरा गोदाम में लगी आग, दमकल टीम ने पाया काबू

**अंबिकापुर।** शहर से लगे भिट्ठी कला स्थित राइस मिल में रविवार की शाम आग लग गई। आग बोरा गोदाम में लगी जिसके बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने लगभग साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम भिट्ठीकला स्थित बीएम फूड्स के नाम से संचालित राइस मिल में आग लग गई। आग राइस मिल के मशीनों के समीप स्थित बोरा गोदाम में लगी थी। आगजनी की मुख्य वजह शोर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।

कर्मचारियों ने आग लगने की जानकारी शाम 4.28 बजे दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची इस दौरान गोदाम के छत पर लगे शीट को तोड़कर आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने तीन दिशाओं से पानी का छिड़काव किया। दो दमकल वाहनों से लगातार पांच ट्रिप पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस आगजनी की घटना में सिर्फ बोरे जलने की बात सामने आई है। इस दौरान दमकल प्रभारी गुलशन तिवारी, फायरमैन अन्जेश शुक्ला, चालक बीजू नायर, पवन गुप्ता, सैनिक आकाश रजक सक्रिय रहे।

## अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा गया टिपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में रेत तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। एक बार फिर से कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने टीम के साथ बघिमा मुख्य मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक संदिग्ध टिपर को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालक खेलसाय पिता दाम्हार साय, निवासी परसवार कला, अपने सोल्ड लिखित वाहन में परसवार कला से पटोरा धौरपुर की ओर रेत परिवहन कर रहा था। जांच टीम द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिए जाने पर चालक कोई भी अनुमति पत्र नहीं दिखा सका। दस्तावेजों की अनुपस्थिति में वाहन को अवैध परिवहन की श्रेणी में पाते हुए तत्काल जब्त कर बरियों चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि खनिज विभाग व राजस्व अमले द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। प्रशासनिक टीम की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।



## रक्त स्त्राव से गंभीर युवती की अस्पताल लाते समय मौत

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक रक्त स्त्राव से गंभीर हुई युवती की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी लीलावती आ. नंद कुमार पोया (19 वर्ष) गत दिन अत्यधिक रक्तस्त्राव होने पर उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन युवती को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती का पीरियड चल रहा था और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। युवती की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक सहित पुलिया के समीप गिरने से गंभीर युवक की गई जान

रिश्तेदार के यहां से घर लौट रहा बाइक सवार लुंड्रा मुख्य मार्ग स्थित पुलिया के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कोरिमा निवासी अर्जुन तिग्गा आ. मुनेश्वर तिग्गा (38 वर्ष) शनिवार को ग्राम करदोनी निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। दोपहर लगभग 3.30 बजे वापस बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुंड्रा मुख्य मार्ग पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल हो शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बीपी बीमारी से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

बीपी बीमारी से परेशान विवाहिता ने फांसी लगा ली। परिजन विवाहिता को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम समरबाद दुर्गापारा निवासी मंजू सिंह पति आरीफ खान (18 वर्ष) बीपी बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी ठीक नहीं होने से विवाहिता परेशान थी। गत दिन घर में फांसी लगा ली। घटना को देख परिजन उसे फांसी से उतार बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विवाहिता की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन विवाहिता को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने नायब तहसीलदार की उपस्थिति में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कलगसा निवासी भीम राम आ. टुनूनाथ (41 वर्ष) शनिवार को पिता एवं गांव के मिथुन सहित अन्य लोगों के साथ धान की फसल काटने गया था। भीम धान काट रहा था तभी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। घटना की जानकारी भीम ने पिता व साथियों को बताई। इसी बीच साथ गए लोगों ने संजीवनी 108 को फोन कर सूचना दी साथ ही उसे किसी तरह लेकर मुख्य मार्ग तक पहुंचे। परिजन सर्पदंश पीड़ित को एंबुलेंस से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सरपंच ने किया मितानिनों का सम्मान

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरई पारा में मितानिन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के मितानिनों का सम्मान किया गया। सरपंच विजय कुमार सिंह ने साल और श्रीफल देकर मितानिनों का सम्मान किया। मितानिन दिवस के अवसर पर सचिन सत्यमेश्वर दास,विपिन चौधरी एवं समस्त मितानिन दीदी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## रहनुमा एजुकेशन सोसायटी व जेजे हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**अंबिकापुर।** शनिवार को रहनुमा एजुकेशन सोसायटी एवं जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बरेजपारा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में लगभग 200 मरीजों ने पहुंचकर जांच करने के साथ ही चिकित्सकीय परामर्श लिया।

शिविर में जीवन ज्योति हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. जेके सिंह, डॉ. उमेश खरे, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. विनय कर्णिक, डॉ. सूरज लठिया, डॉ. अखिलेश भारत, डॉ. प्रभुता गुप्ता चतुर्वेदी, डाइटिशियन सुमन सिंह, डॉ. श्रेया सिंह ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही परामर्श दिया। शिविर का संचालन प्रतिभा पटेल ने किया। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, न्यूरोपैथी सहित कई स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। डॉक्टरों द्वारा मरीजों को आगे की देखभाल तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए गए। रहनुमा एजुकेशनल सोसाइटी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है। 200 लोगों की उपस्थिति शिविर की सफलता को दर्शाती है। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, सचिव रशीद अहमद अंसारी, सदस्य मोहम्मद मेराज गुड्डू, हाजी यासीन फिरदौसी, मसूद आलम, नसीम अंसारी, शकील अहमद, सलीम अंसारी के साथ ही अधिवक्ता परवेज खान, जिलानी खान, अनीस कुरैशी, मोहम्मद हुसैन, एखलाक खान, इरशाद खान पिंटू, सिराजुद्दीन छोटू, शफ़ीक खान, आतिफ कमर, मोनू खान, फैजान अहमद, दुलारे सर, मोहम्मद सलमान, शादाब रिज़वी सहित अन्य मौजूद थे।

## मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया ख्रीस्त राजा पर्व

**अम्बिकापुर।** मसीही समाज द्वारा रविवार को ख्रीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा उपरान्त विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किए गए। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। बता दें कि क्रिसमस के ठीक एक माह पूर्व मसीही समाज द्वारा ख्रीस्त राजा पर्व मनाया जाता है। ख्रीस्त राजा पर्व को लेकर समाज के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। रविवार को धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष विशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। नवापारा स्थित महागिरजा से निकाली गई शोभा यात्रा कर्ताराम गली, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरूनानक चौक, गुदरी चौक, जीईएल चर्च, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, उर्सूलाईन, बिषप हाउस से होते हुए संत जेवियर स्कूल प्रांगण मैदान में समाप्त हुई। रैली में सफेद ड्रेस में सजे नन्हे मुन्ने बच्चे व आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान मसीहिजन नाचते गाते हाथों में लिए झंडियों को लहराते रहे। शोभायात्रा के बाद समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। आज के दिन होने वाले विशेष धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य अनुष्ठाता बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में नवापारा महागिरिजाघर के पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर, फादर एल्फिज व फादर सतीश कच्छप ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस अवसर पर बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा की लिए हम अपने दिलों और दुनिया में यीशु के सही स्थान को पहचाने यह दिन हमें उनके प्रेम सेवा और विनम्रता के उदाहरण का अनुसरण करने और एक ऐसी दुनिया बनाने की दिशा में काम करने के लिए के लिए है जहां शांति और न्याय का साम्राज्य फले-फूले। रैली में पूर्व महापौर अजय तिर्की, मुन्ना टोप्पो, फादर अनिल एक्का, फादर संतोष, सिस्टर जार्जिना, सिस्टर ममता, संत अन्ना सिस्टर्स, होलिक्रास सिस्टर्स, उर्सुलाइन सिस्टर्स, चैरिटी सिस्टर्स सहित हजारों की संख्या में मसीही समाज महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल रहे।

- नगर में निकाली गई शोभा यात्रा, जगह जगह हुआ स्वागत







# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

लाइफ Style

# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'



हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।



# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप

### परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन में साईं कॉलेज बना विजेता

अम्बिकापुर। शासकीय बाला साहेब देशमुख महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय की महिला टीम वहीं पुरूष वर्ग में सरस्वती महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में 15 टीमों ने भागीदारी की जिसमें साई कॉलेज की टीम द्वितीय चरण में शासकीय गर्ल्स कॉलेज बैकुण्ठपुर, तृतीय चरण में शासकीय रेवतीरमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर के साथ खेला। दोनों चरण में विजेता रही टीम फाइनल में राजीव गांधी पीजी कॉलेज के साथ खेली। एकल और युगल दोनों प्रतियोगिता में जीत दर्ज किया।

### शिक्षकों से कुत्तों की गणना और निगरानी शर्मनाक निर्णय

अंबिकापुर। अल्पसंख्यक कांग्रेस के महासचिव परवेज आलम गांधी ने एक बयान जारी कर प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया जाता है, न कि कुत्तों की गिनती और निगरानी जैसे हास्यास्पद कार्यों के लिए। हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार विद्यालय प्रांगण के आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या का सर्वेक्षण एवं रिपोर्ट तैयार करने का दायित्व शिक्षकों को सौंपा गया है। यह निर्णय न केवल शिक्षक समुदाय का अपमान है, बल्कि यह शैक्षणिक व्यवस्था की गंभीर उपेक्षा भी है।

### छात्र-छात्राओं ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

अंबिकापुर। पतंजलि योग समिति द्वारा शासकीय उमावि कल्याणपुर में शनिवार को सुबह 9 से 10 बजे तक छात्र-छात्राओं को योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को यौगिग जागिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपाल भांथी, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी उदगीत, प्रणव प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा इससे होने वाले लाभों के संबंध बताया गया। योग शिक्षकों ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर है तथा वर्तमान में युवक युवतियों को इसे विशेष रूप से अपनाने की आवश्यकता है। योगासनों के अभ्यास से विद्यार्थियों को ज्ञान, भक्ति, कर्म को आत्मसात करने की शक्ति मिलती है तथा जीवन उत्साह और उत्सव में परिवर्तित हो जाता है।

### चरचा पहुंचे एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत- ओमकार

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा में सोमवार को एक विशेष अवसर पर देशभर में भ्रष्टाचार के विरूद्ध सशक्त अभियान चला रहे संगठन एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. ओमकार गुप्ता अपने उच्च स्तरीय राष्टीय नेतृत्व दल के साथ चरचा पहुंचे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा तथा स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई। राष्टीय अध्यक्ष के साथ संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस महत्वपूर्ण दौरे में शामिल हुए।

इनमें राष्टीय सचिव अनिल गुप्ता, उत्तरप्रदेश अध्यक्ष नजम जिया सिद्दीकी, उत्तरप्रदेश जिला मेरठ अध्यक्ष एवं एसीएम भारत न्यूज एडिटर खजान सिंह सिसोदिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी से यह दौरा और भी महत्वूपर्ण बन गया। नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, राष्टीय सचिव शशिभूषण राय, एंटी करप्शन



सरगुजा संभाग अध्यक्ष प्रभात दास, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, अधिवक्ता महेश शर्मा, पत्रकार अंकित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया, इसके अतिरिक्त राष्टीय सचिव दशरथ मोदी ने शाल और श्रीफल भेंट कर सभी अतिथियों का सम्मान किया। प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. ओमकार गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करना ही नहीं, बल्कि देशभर में एक ऐसी जागरूक नागरिक संस्कृति विकसित करना है, जहां भ्रष्टाचार अपने आप समाप्त हो जाए। एंटी करप्शन मूवमेंट भारत पिछले कई वर्षों से जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा विभिन्न राज्यों में लगातार निरीक्षण अभियान, जनसुनवाई, शिकायत निवारण शिविर और जागरूकता रैलियां आयोजित की जा रही हैं। हर आम नागरिक को यह समझाना जरूरी है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की साझा लड़ाई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आने वाले महीनों में सरगुजा, कोरिया और आसपास के जिलों में एंटी करप्शन मूवमेंट भारत बड़े पैमाने पर जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार और अधिकारियों के साथ संवाद बैठकें आयोजित करेगा। उन्होंने पत्रकारों से भी अपील की कि वे निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ समाज में भ्रष्टाचार विरोधी माहौल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे, इसके पश्चात अतिथिगण हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां स्कूल संस्था की ओर से बुके प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम दौरान अतिथियों ने स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने उद्बोधन में डॉ. ओमकार गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार देश की प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। जब तक समाज के हर वर्ग की भागीदारी नहीं होगी, तब तक इस लड़ाई को मजबूती नहीं मिल सकती। एंटी करप्शन मूवमेंट भारत का लक्ष्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि जागरूकता के माध्यम से एक ऐसी व्यवस्था तैयार करना है जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्य सर्वोपरि हों। युवाओं, छात्रों और समाज के सभी वर्गों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध संगठित होकर आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन देशभर में जनजागरूकता से लेकर कार्रवाई तक कई प्रभावी अभियान चला रहा है और आने वाले समय में सरगुजा एवं आसपास के क्षेत्रों में भी व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर



**चरचा कॉलरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा आयोजित होने वाले विकासखंड संकुल स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर के संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर ने 31 अक्टूबर को आधिकारिक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर 28 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

शिविर का स्थल हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा निर्धारित किया गया है, जहां जिलेभर से स्काउट-गाइड विद्यार्थी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। शिविर के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। शिविर संचालक सुनील कुमार बड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शिशु चिताझोर पोड़ी, सहायक संचालक निशांत आरा हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक कुमारी ममता सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरिया कॉलरी, प्रशिक्षक राजाराम देवांगन हिन्द विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक विकल्प श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी, प्रशिक्षक अमरनाथ सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बाघपारा चरचा आदेश में सभी नियुक्त प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर समयानुसार शिविर स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्य सुनिश्चित करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित यह द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, सेवा भाव और जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तर पर चलाया जा रहा यह कार्यक्रम स्काउट-गाइड गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। यह शिविर विद्यार्थियों को न केवल नई सीख प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें समाजसेवा और जिम्मेदारी के प्रति भी प्रेरित करेगा।

## दिव्यांग छात्रों के लिए ऑटो की व्यवस्था



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में दिव्यांग छात्रों के लिए आवागमन की सुविधा शुरू की गई है। आम नागरिक मंच सेवा समिति ने नगर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से दिव्यांग विद्यालय के छात्रों के लिए ऑटो की व्यवस्था की है। यह ऑटो छात्रों को विवेकानंद महाविद्यालय और बॉयज हाईस्कूल तक आने-जाने में मदद करेगा।

आमाखेरवा स्थित यह दिव्यांग विद्यालय वर्ष 1997 से संचालित है, लेकिन पिछले 28 वर्षों से छात्रों के लिए आवागमन की कोई सुविधा नहीं थी। विद्यालय के प्राचार्य संतोष चढ़ोकर ने बताया कि छात्रों को हाईस्कूल और महाविद्यालय तक आने-जाने में काफी परेशानी होती थी, उन्हें नेशनल हाईवे पर छड़ी के सहारे और एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलना पड़ता था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। बरसात के मौसम में कई बार छात्र शिक्षा से वंचित रह जाते थे। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए शासन-प्रशासन से कई बार वाहन की मांग की गई थी, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो पाई थी। आम नागरिक मंच सेवा समिति की इस पहल की शुरूआत विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, डॉक्टर रश्मि सोनकर, पार्षद अजय जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा और एसडीएम लिंगराज सिदार, लखनलाल श्रीवास्तव, प्रमोद बंसल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आम नागरिक मंच के सदस्य अजय जायसवाल ने बताया कि छात्रों की परेशानियों को देखते हुए नगर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से यह व्यवस्था की गई है।

## नवोदय में विद्यार्थियों ने किया युवा ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुंठपुर में सोमवार को विद्यार्थियों ने युवा ग्राम सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें छात्रों ने ग्राम शासन की कार्यप्रणाली, निर्णय प्रक्रिया तथा विकास योजनाओं को समझते हुए सक्रिय नागरिकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पी दनसना के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ।

उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, स्थानीय शासन में सहभागिता बढ़ाने और सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। सभा के विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत की तर्ज पर सरपंच, उप सरपंच, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और वार्ड सदस्यों की भूमिका निभाते हुए गांव की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की। इनमें स्वच्छता, पेयजल, पौधरोपण, डिजिटल साक्षरता, नशामुक्ति और शिक्षा उन्नयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सुझावों में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ गांव अभियान, हर विद्यार्थी एक



पेड़, प्लास्टिक मुक्त परिसर तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में नेतृत्व, संवाद कौशल, सहयोग भावना और लोकतांत्रिक समझ विकसित करते हैं। युवा ग्राम सभा कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों ने रोल प्ले किया उनके नाम हैं इच्छा सिंह, दीक्षा, शिवांश दुबे, देवांश, अनामिका, स्वास्तिक, सौम्या, मौसम सिंह, अभी कुमार, इशिका, काव्य, सीमा, स्नेहा,रेहान और आल्या रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका दीपा कुशवाहा ने किया और अंत में विजय कुमार साकेत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी छात्रों को समाज के प्रति अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनाएंगे।

## शराब पीने से मना करने पर ग्रामीण ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत बरियो क्षेत्र के ग्राम सिधमा निवासी धोबी पैकरा आ. स्व. घुरन पैकरा (54 वर्ष) शराब पीने का आदि तथा बीपी बीमारी से पीड़ित था। परिजन बीबी की दवा खाने पर शराब पीने से अक्सर मना करते थे। 19 नवम्बर को परिजन शराब पीने से मना किया तो धोबी पैकरा ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन धोबी पैकरा की मौत है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### //नाम परिवर्तन सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के त्रुटिपूर्ण एवं पुराना नाम मेघा पिता रूद्रप्रताप को बदलकर नया नाम काजल पिता रूद्रप्रताप तथा पुत्री के त्रुटिपूर्ण जन्म तारीख 17/12/2011 को सुधारकर वास्तविक जन्म तारीख 12/07/2011 दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः अब मेरी पुत्री को भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम काजल पिता रूद्रप्रताप एवं वास्तविक जन्म तारीख 12/07/2011 से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथकर्ता
(रूद्र प्रताप)
वार्ड क्र. 09, चनवारपारा, गदबदी पोस्ट-मनसुख, तहसील-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.
मो. नंबर 7987319979

### // नाम परिवर्तन सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के त्रुटिपूर्ण एवं पुराना नाम दूधनाथ आ. रूद्रप्रताप को बदलकर नया नाम समरनाथ आ. रूद्रप्रताप दर्ज कराना चाहता हूॅ। अतः अब मेरे पुत्र को भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम समरनाथ आ. रूद्रप्रताप से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथकर्ता
(रूद्र प्रताप)
वार्ड क्र. 09, चनवारपारा, गदबदी पोस्ट-मनसुख, तहसील-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.
मो.नंबर 7987319979

## यातायात नियम विरूद्ध चालकों पर कार्रवाई

**प्रतापपुर।** सड़क पर लहराकर, बिना नंबर व बिना ड्राईविंग लायसेंस के ट्रेक्टर चलाने वाले चालक के विरूद्ध पुलिस ने की एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 8 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल की। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निर्देश पर पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज प्रतापपुर पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के एक ट्रेक्टर को लहराकर चलाते देख वाहन को रोकवाया। बिना नंबर के ट्रैक्टर जिसका नंबर सीजी 29 एई 8346 है। पुलिस ने करंजवार निवासी चालक अनिश पैकरा (22 वर्ष) से ड्राइविंग लाइसेंस की मांग करने पर लाइसेंस नहीं होना बताया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### वंदना शिशु शिक्षा...

सहभागिता की। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने सामाजिक संदेशों एवं विविध वेशभूषाओं के माध्यम से सभी का ध्यानाकर्षित किया। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल पटेल, बीआरपी उमेश पांडे, आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर के प्राचार्य दीपक बघेल और अधिवक्ता आदित्य गुप्ता सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।





